गैर पर्यवेक्षकीय पदों को आवश्यक भर्ती के लिए रोजगार कार्यालय के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। नियुक्ति में स्थानीय तथा विस्थापित व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी बशर्ते वे वांछित योग्यता, उम्र, दक्षता स्तर तथा अन्य भर्ती विशिष्टियों को पूरा करते हों।

(ङ) इस रिफाइनरी के शुरू होने के उपरांत देश में कुल शोधन क्षमता के बढ़कर 66.55 मि॰ मि॰ टन प्रति वर्ष होने की संभावना है।

(च) नयी रिफाइनरियों को स्थापित करके तथा बी आर पी एल, डिग्बोई आदि विद्यमान रिफाइनरियों का विस्तारण करके इस क्षमता में और वृद्धि करने का प्रस्ताव है।

**मथुरा आयल रिफाइनरी में कथित भ्रष्टाचार**

7157. श्री जगदीश प्रसाद माथुर: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उनका ध्यान दिनांक 15 फरवरी, 1995 के ''दैनिक जागरण'' आगरा में प्रकाशित उस समाचार की ओर दिलाया गया है जिसमें मथुरा रिफाइनरी में घोर भ्रष्टाचार व्याप्त होने का आरोप लगाया गया है और यह कि आगरा स्थित भ्रष्टाचार उन्मूलन मण्डल द्वारा उन्हें शिकायत पत्र भेजा गया है;

(ख) यदि हां, तो इस शिकायत पत्र में क्या आरोप लगाये गये हैं;

(ग) क्या इन आरोपों की कोई जांच की गई है; और

(घ) क्या रिफाइनरी के बन्द होने के पीछे भ्रष्टाचार, अनियमितता इत्यादि प्रमुख कारण हैं?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा): (क) और (ख) एक समाचार पत्र में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई है जिसके अंतर्गत मथुरा रिफाइनरी में घटिया सामग्री के उपयोग, उपस्कर विभाग आदि द्वारा क्रय आदेश जारी करने में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है।

(ग) आई ओ सी द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

(घ) रिफाइनरी को हाल ही में केवल रख-रखाव और संसाधन इकाइयों के विभिन्न मरम्मत कार्यों के लिए ही बंद किया गया था। अब रिफाइनरी सामान्य रूप से कार्य कर रही है।

**Plans for expansion of HPCL Oil Refinery at Visakhapatnam**

7158. SHRI N. GIRI PRASAD: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) what is the present installed capacity of oil refineries in the country;

(b) what are the future plans for expanding the capacities of these refineries;

(c) what is the present capacity of HPCL Refinery at Visakhapatnam;

(d) whether it is a fact that the HPCL Oil Refinery at Visakhapatnam has been completely neglected from expansion programmes; and

(e) if so, the reasons therefor; if not, what are plans for expansion of HPCL Oil Refinery, Visakhapatnam (A.P.) in the next few years?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) The present refining capacity in the country is 56.40 MMTPA.

(b) Govt, has approved the expansion of BRPL by 1.00 MMTPA and Digboi Refinery by 0.15 MMTPA. The expansion of other refineries depends upon the techno-economic viability of the proposals.

(c) The present refining capacity of HPCL Visakh refinery is 4.5 MMTPA.

(d) and (e): Initial capacity of Visakh refinery was 1.5 MMTPA and it was expanded to 4.5 MMTPA in 1985. Hindustan Petroleum Corporation Limited has submitted a proposal for expansion of its Visakh refinery from 4.5 to 7.5 MMTPA and the same is under-consideration of the Govt.

**Stortage of Diesel in North India**

7159. SHRIMATI CHANDRIKA ABHINANDAN JAIN: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government are aware of the sudden shortage of diesel in North India, resulting in panic buying and hoarding;